# विदेश में चीनी के दाम लुढ़के



**न्यूयॉर्क/लंदन** ◆ अंतरराष्ट्रीय बाजार में चीनी की सप्लाई मांग से ज्यादा होने और ब्राजील में गन्ने की कटाई में तेजी आने के कारण विश्व बाजार में रॉ शुगर और व्हाइट शुगर के दाम गिर गए। आईसीई एक्सचेंज में मार्च डिलीवरी रॉ शुगर 0.15 सेंट (0.8 फीसदी) गिरकर 19.53 सेंट प्रति पाउंड रह गई। इससे पहले रॉ शुगर ने बुधवार को तीन सप्ताह के सबसे निचले स्तर 19.45 सेंट का स्तर छुआ था। कारोबारियों के अनुसार ब्राजील में बड़ी संख्या में मिलें गन्ने की पेराई कर रही है। इससे बाजार में आपूर्ति और बढ़ने के आसार हैं। दूसरी ओर लिफ्फे एक्सचेंज में दिसंबर डिलीवरी व्हाइट शुगर 1.90 डॉलर (0.3 फीसदी) गिरकर 543.80 डॉलर प्रति टन रह गई। बाजार में मांग कमजोर रहने से भी मूल्य पर दबाव बन गया।